
# छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय का 58वा स्थापना दिवस




आज दिनांक 8-02-2023 को क्राइस्ट चर्च कॉलेज में छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के 58 स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माननीय श्री नीलेश द्विवेदी जी डीजीएम एसबीआई , कॉलेज के प्राचार्य प्रो. जोसेफ डेनियल , उप प्राचार्या डॉ सबीना बोदरा , कॉलेज एलुमनाई के सचिव डॉ रवि महलवाला , एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुनीता वर्मा , एनसीसी अभीक्षक डॉ हिमांशु दीक्षित , सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे ।









कार्यक्रम का आरंभ महाविद्यालय के प्राचार्य ने ज्ञानवर्धक भाषण द्वारा किया । इसके पश्चात मुख्य अतिथि माननीय श्री नीलेश द्विवेदी जी ने शिक्षा पर चर्चा करते हुए शिक्षा के महत्व , शिक्षक की भूमिका आदि पर विस्तार से चर्चा करते हुए अपने विचार साझा किए । इस क्रम में डॉ रवि महलवाला ने कॉलेज का इतिहास एवं विभिन्न उपलब्धियां बताई। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुनीता वर्मा ने संचालन किया तथा डॉ हिमांशु दीक्षित ने धन्यवाद ज्ञापन किया ।

कार्यक्रम का समापन मुख्य अतिथि , कॉलेज के प्राचार्य डॉ जोसेफ डेनियल , उप प्राचार्या डॉ सबीना बोदरा , महाविद्यालय एलुमनाई के सचिव डॉ रवि महलवाला, कॉलेज के एलुमनाई एक्सिक्यूटिव सदस्य श्री अशोक महरोत्रा एवं गणित के विभाग अध्यक्ष डॉ आर के जुनेजा, डॉ आनंदिता भट्टाचार्य, डॉ सुनीता वर्मा , डॉ हिमांशु दीक्षित , शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा छात्र-छात्राओं ने 58 पौधो का पौधारोपण किया तथा वातावरण को स्वच्छ रखने का एक महत्वपूर्ण संदेश प्रस्तुत करके कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न किया ।



सीएसजेएमयू के पिछले इतिहास पर डाला प्रकाश



पूर्व छात्र संघ द्वारा सीएमजेएम विश्विधालय 58वें स्थापना दिवस पर कार्यक्रम का आये






धन्यवाद ।

https://youtu.be/Ldm_VtuMiYM